19. Localization Case Implements: BHU Under CoIL-Net

Prof. K.K.Shukla, BHU, Email:shukla@abhyuday.org, Web : www.abhyuday.org

Introduction

IT and Internet have emerged as productivity and knowledge enhancing technologies. Collaborative development is fast emerging as the norm of the future technological advancements, and their diffusion and absorption in the society. As an enabling technology IT could help reduce the knowledge gap across different linguistic groups encompassing over 95 per cent of India's population that is not English literate. It is, therefore, necessary that people should be able to use computers and other IT systems in their own language and derive benefits of enhanced productivity and better quality of life.

One of the measures in this direction is boosting IT in Indian languages to address the reality that India can become a major IT power only if IT penetration in the country deepens and widens, which in turn, is dependent on large-scale use of IT in Indian languages.

CoIL-Net (Content Development and IT Localisation Network) programme is formulated encompassing a vision for all pervasive socio-economic developments by proliferating use of language specific IT based content, solutions and applications for bringing the benefits of IT revolution to the common citizen; requisite technology development and consequently bridging the existing digital divide in the Hindi speaking states of India.

Broad Objectives

- Providing a boost to IT localization for socioeconomic developments
- Helping bridge the existing digital divide by appreciably improving IT penetration and awareness levels, using Hindi as medium of delivery, in the Hindi speaking states of MP, Chattisgarh, UP, Uttaranchal, Bihar, Jharkhand, and Rajasthan.

Immediate Goals

- To develop Core technology for the promotion of IT Localization in Hindi in the areas of language tools, customized software, information appliances, Internet and other access mechanisms, OCR, and text-to-speech;
- To develop Machine Aided Translation System from Hindi to English for a few specified domains;
- To develop Cultural Heritage Digital Library in Hindi with special focus on the identified 7 states;
- To promote preparation and publication of IT Learning Material in Hindi;
- To carry out content development, research and its production through various existing mechanisms and methodologies in selected areas of application so as to maximize the usage of IT and its benefits;
- To promote content digitization for promoting access and sharing of public sector information in Hindi;
- To develop tools, technologies and applications to provide the solutions in Hindi for taking IT to masses in the areas of education & training, health, governance, agriculture, tourism and small business;
- To develop test beds for IT education & training and IT-enabled services in Hindi medium in the areas of health, governance, agriculture, tourism and small businesses;
- To develop methodologies for content delivery, aggregation, management.
- To develop search engines, wizards, agents, smart tags for rich media content management
- Human resource development to carry forward IT Localization

Implementing Agencies

(1) Banasthali Vidyapith - IT localization solutions for Rajasthan;

(2) BHU, Varanasi - IT localization solutions for Uttar Pradesh;

(3) IIT Roorkee - IT localization solutions for Uttaranchal;

(4) New Government Polytechnic, Patna - IT localization solutions for Bihar;

(5) BIT, Ranchi - IT localization solutions for Jharkhand;

(6) IIITM, Gwalior - IT localization solutions for Madhya Pradesh;

(7) G G University, Bilaspur - IT localization solutions for Chattisgarh;

(8) C-DAC, Pune - Core Technology Development for Hindi;

(9) IIT, Kanpur - Hindi to English Machine Translation;

(10) IGNCA, New Delhi - Development of Digital Library for Regional Heritage;

(11) IETE, New Delhi - Books/Monographs in Hindi in emerging ICTs.

Overall monitoring and the review of the CoILNet programme is coordinated by Department of Information Technology, Ministry of Communications and Information technology, Govt. of India to ensure:

1. Enhancing awareness;
2. Improving IT penetration;
3. Deployment of IT localised solutions;
4. Availability of IT learning material in Hindi;
5. Standardisation.

The various activities and targets defined for the CoIL-Net centres are described below:

(A) Application Development

The application development in e-health aims at providing

i. Information for first-aid, general health, hygiene and nutrition.

ii. Model for providing integrated information on hospitals, blood banks & labs for doctors and patients.

iii. Linking primary health centres with city hospitals

iv. Computerization of Ayurvedic dispensary in the region

The application development in e-education aims at

i. Learning modules for competitive examinations.

ii. Development of interactive learning content.

iii. Distance education for selected schools.

iv. Information on vocational courses

v. School Information Management System

The application development e-governance aims at

i. Providing Mandi rates to farmers

ii. Other business related information.

The application development in e-tourism aims at

i. Tourism Portal for the State Government

ii. Providing information on tribal tradition & culture.

The application development in e-business aims at

i. A model for small and medium enterprises.

ii. Employment opportunities in IT.

(B) Content Creation in Hindi

It aims at development and make available

i. Digital content on classic works of other Indian languages translated into Hindi on website.

ii. Cultural Digital Library in Hindi with special focus on Hindi speaking areas.

iii. Creating contents in Hindi on emerging technologies by way of publication (Books & Monographs) & Electronic Contents CD's and web portal.

(C) IT Localization Clinic / Awareness Programme All the CoIL-Net Centres would organize the IT Localization Clinic to train software entrepreneurs for developments and deployments of IT localized applications. Also they would organize the Trainer's Training programme and IT Awareness programme in their region for increasing the Information Technology penetration.

(D) IT Primer Modules/Books on IT in Hindi

CoIL-Net centres could develop IT Primer Module, IT Course material for introducing IT to University and bring out the books in Hindi on emerging technologies in IT.

(E) Tools and Technology Development

Technology support centre of Pune would provide technical support to CoIL-Net centres and make available the Unicode fonts with key board drivers, Transliteration tools, ISCII/ Unicode search engine, Java tools for Hindi and Plugin fonts converters. The progress of the CoIL-Net centres is presented in the subsequent articles.The localisation case implements of BHU CoIL-Net Centre are given here as a representation of CoIL-Net centre localisation activities.

Localisation Case Implements : BHU CoIL-Net Centre

Abstract

Banaras Hindu University centre was setup under the CoIL-Net programme of Department of Information Technology. The objective of the centre is to use Information Technology for Socio-economic development of Uttar Pradesh through research and development for e-governance, e-health, e-learning and distance education, e-tourism, e-business and popularization and dissemination of IT through localization clinics. The major deliverables are Creation of the content on ancient knowledge resources on various subjects in Hindi and making them available on the website, Development and Deployment of the test beds in the area of e-education, e-business, e-tourism and e-health, Organisation of the IT Localisation Clinics and Computer/ IT awareness programme, Trainers Training Programme etc., Deployment of Indian languages messaging Server to popularize use of Hindi in Computers.

The content developed under the project are titled *Neeti Shatkam, Fasal Salahkar,Bhojpuri Lok Sahitya evam Sanskriti, Suhrillekh, Nagari Pracharni Sabha, Prakiti Ki Anmol Nidhi: Neem etc.* These are available on website http://abhyuday.org and in CD form. In the area of test bed development/deployment, Software Applications developed are *Varanasi Ke Mandi Bhav, Partiyogita Prashikshak, Krishak Mitra, Vigypn Prabandhan etc.* Similarly in the area of IT Localisation Clinic/ Awareness programme a number of IT Training Programmes, Awareness Programme and Trainer's Training Programme were organized.

इस केन्द्र की स्थापना काशी हिन्दू विश्व विद्यालय में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग द्वारा जुलाई सन् २००२ में की गयी है। इसका प्रमुख उद्देश्य उत्तर प्रदो में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रचार प्रसार करना है। विश्वभारत पत्रिका के ९वें अंक अप्रैल सन् २००३ में कायल-नेट काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की गतिविधियाँ विस्तार से प्रकाशित हो चुकी हैं। मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र द्वारा नौवें अंक में पृष्ठ संख्या १८ से २४ तक प्रथम चरण अर्थात् सन् २००२ में हुई प्रगति एवं उपलब्धियों का विवरण दिया जा चुका है। प्रस्तुत अंक में द्वितीय चरण (१ अप्रैल सन् २००३ से ३१ मार्च सन् २००४) तक की प्रगति एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है। साथ ही साथ इसी अंक में १ अप्रैल सन् २००४ से अक्टूबर सन् २००४ तक वर्तमान में चल रहे कार्यक्रमों-ज्ञानोद्योग कार्यशालाओं इत्यादि का वर्णन दिया गया है। भारत सरकार के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित ये परियोजनाएँ ज्ञान सम्पदा के लौकिकीकरण (Localization) के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। वैवीकरण एवं वैचारिक क्राँति के इस युग में सूचना तकनीकी किस प्रकार सभी के हित में हो, सभी लोगों के आजीविका हेतु मार्गदर्शन कर सके एवं स्वावलम्बी बना सके, इसी उद्देश्य से परियोजना का यथासंभव क्रियान्वयन किया गया है। विशेष तौर पर हमारे किसानों एवं सामान्य पढ़े-लिखे लोगों के लिये सर्वसुलभ एवं सर्वोपयोगी सॉफ्टवेयर का विकास हिन्दी भाषा में किया जा रहा है।

महामना मालवीय फाउण्डेशन, वाराणसी के समाचारिकी (News Letter) के भाग-८, अंक ३-४ में प्रकाशित सम्पादकीय 'एक रोल-माडल बनने की ओर मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र" में कायल-नेट, बी.एच.यू. की सन् २००३ में हुई प्रगति एवं उपलब्धियों का विवरण प्रशंसनीय है जो इस प्रकार हैः-

'भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक परियोजना के तहत दो के १३ प्रमुख क्षेत्रों में लगभग डेढ़ वर्ष पहले स्थापित सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्रों में, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग, आई.टी., बी.एच.यू. स्थित ठमालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र' अपनी तीव्र एवं उम्दा कार्य-प्रगति से अन्य केन्द्रों के लिए एक 'रोलमाडल' बनने की मजबूत स्थिति में पहुँच चुका है। इसकी कार्य-प्रगति की सराहना समय-समय पर बनारस एवं दिल्ली में आयोजित समीक्षा कार्यशालाओं में की गई है। इस केन्द्र की पृष्ठभूमि एवं जून २००३ तक की कार्य-प्रगति की जानकारी इस 'समाचारिकी' के जून २००३ में प्रकाशित की गई थी।

इधर वर्ष २००३ में १ मई से १९ मई तक पुलिस अधिकारियों के तीसरे बैच का १५ दिवसीय प्रशिक्षण, ९ जून से २६ जून तक केन्द्रीय कार्यालय, बी.एच.यू. के (प्रथम बैच में) १५ सदस्यीय कर्मचारियों का १५ दिवसीय प्रशिक्षण, ५ अगस्त से ९ अगस्त तक ३० चयनित उद्यमियों का ५ दिवसीय 'आई.टी.क्लीनिक' प्रशिक्षण, २० अगस्त से १९ सितम्बर तक केन्द्रीय कार्यालय के कर्मचारियों के दूसरे १५ सदस्यीय बैच का १५ दिवसीय प्रशिक्षण, और २८ अक्टूबर से १ नवम्बर तक पूर्वांचल से चयनित ३१ प्रतिभागियों के ५ और २८ अक्टूबर से १ नवम्बर तक पूर्वचल से चयनित ३१ एप्रतिभागियों के ५ दिवसीय ज्ञानोद्योग प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं के आयोजन सम्पन्न हुए हैं। इसके अतिरिक्त खुद इस केन्द्र से जुड़े प्रशिक्षकों/कर्मचारियों की भी बी.एच.यू. पुणे एवं दिल्ली में तीन कार्यशालाएँ सम्पन्न हुई हैं।

विषय-वस्तु डिजिटाइजेशन के तहत 'काशी की विभूतियाँ' 'प्रकृति की एक अनमोल निधि : नीम' तथा एक बौद्ध कृति 'सुहल्लेख' शीर्षक ग्रंथों के सी.डी. एवं वेब वर्जन तैयार किये गये हैं और 'भोजपुरी लोकसाहित्य एवं संस्कृति', 'भिक्षुक सम्राट् महामना मालवीय जी', 'भारत में तंत्र विद्या', 'नागरी प्रचारिणी सभा',

'प्रज्ञा जर्नल (एनीबेसेंट अंक)', आदि को डिजिटाइज्ड किया जा चुका है और इनमें से कुछ को शीघ्र ही सी.डी. एंव वेब वर्जन पर लाया जाना है। पहले से डिजिटाइज्ड कुछ विषयों को अद्यतन (अपडेटेड) भी किया गया है। केन्द्र ने अपनी माही एवं अद्यतन चौथा प्रगति प्रतिवेदन मंत्रालय को सौप दिया है, जिसकी समीक्षा भी हो चुकी है।

इस पूरी परियोजना की एक खास विोषता यह है कि इसमें सभी प्रशिक्षण एवं डिजिटाइजोन के कार्य सिर्फ स्थानीय हिन्दी भाषा में किये जाते हैं; इनमें स्थानीय/क्षेत्रीय बोलियों, उप-भाषाओं को भी महत्त्व दिया जाता है। उद्देश्य यही है कि क्षेत्रीय/स्थानीय स्तर पर विरात में प्राप्त अथवा वर्तमान पीढ़ी द्वारा सृजित जो कुछ भी महत्त्वपूर्ण ज्ञान, कला-कौशल, रीति-रिवाज, भाषा-बोली, उद्यम-क्षमता, प्रतिभा और लोक-चेतना व चिन्तन हैं, उन सबको इण्टरनेट-वेब के माध्यम से पूरे विश्व के सामने लाया जाय; यहाँ की क्षमता को सूचना तकनीकी के माध्यम से और भी कार्य-काल बनाया जाय और कम से कम लागत में इस माध्यम से अधिकाधिक लाभ अर्जित किया जाय। निःसंदेह यह परियोजना बड़े काम की है और 'मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र' इसका भरपूर लाभ क्षेत्रीय लोगों तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस केन्द्र के प्रमुख लक्ष्य हैं -

सूचना प्रौद्योगिकी हेतु मानव संसाधन - ऐसे ज्ञानकर्मी (knowledge workers) तैयार करना जिनके पास स्थानीय आवश्यकतानुसार सूचना प्रौद्योगिकी कार्यकुशलता हो।

लोकोपयोगी सूचना प्रौद्योगिकी - स्थानीय जनता के लिए उपयोगी सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवायें विकसित करना तथा उनका प्रचार-प्रसार।

इस केन्द्र का मार्ग दर्शन सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी विकास समूह (Technology Development for Indian Languages) द्वारा किया जाता है।

गतिविधियाँः

१. विषय वस्तु निर्माण,

२. लोकोपयोगी सॉफ्टवेयर निर्माण,

३. प्रशिक्षण कार्यक्रम /ज्ञानोद्योग कार्यशाला/आई.टी. क्लीनिक/ किसान-कार्यशाला इत्यादि।

विषय वस्तु निर्माण

विषय वस्तु निर्माण इस केन्द्र द्वारा स्थानीयकरण के क्षेत्र में एक सूत्रपात है। इसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति, प्राचीन भारत की वैज्ञानिक एवं तकनीकी धरोहर को इण्टरनेट के माध्यम से विश्व पटल पर रखना है। इस सूत्रपात के द्वारा यह केन्द्र सांस्कृतिक, वैचारिक एवं एवैज्ञानिक क्षेत्र में भारत के योगदान को वेब पर समुचित स्थान उपलब्ध कराता है। इस प्रयास में निम्नांकित शीर्षक हमारी कार्यसूची में सम्मिलित है-

प्रथम चरण (जुलाई २००२ से ३१ मार्च २००३ तक)



नोटः १. उपरोक्त संदर्भ में विस्तार से जानने के लिए कृपया विश्वभारत@tdil अंक अप्रैल २००३ पढें

२. विश्वभारत के अप्रैल अंक में महामनाः एक संक्षिप्त जीवन परिचय के बारे में नहीं दिया गया है। इसके बारे में अग्रिम पृष्ठ पर दिया गया है।

द्वितीय चरण (१ अप्रैल २००३ से ३१ मार्च २००४ तक)



क्रम संख्या	विषय वस्तु	वेब पृष्ठों की संख्या/ स्क्रीन की संख्या	शब्दों की संख्या	वर्तमान स्थिति
१	काशी की विभूतियाँ- सी.डी. वर्जन	१०३ स्क्रीन	१२००२	पूर्ण
२	काशी की विभूतियाँ- वेब वर्जन	१०२ स्क्रीन	१२००२	पूर्ण
३	सुहल्लेख	२२८ स्क्रीन	४१७९४	पूर्ण
४	प्रकृति की एक अनमोल निधि : नीम	११० स्क्रीन	३०९१३	पूर्ण
५	भोजपुरी लोक-साहित्य एवं संस्कृति	७४३ स्क्रीन	६१६९२	पूर्ण
६	तन्त्र - एक परिचय	२५ वेब पृष्ठ	४२८९५	पूर्ण
७	नागरी प्रचारिणी सभा	१४३ स्क्रीन	१४३००	पूर्ण
८	संतुलित आहार एवं पोषण	४१ वेब पृष्ठ		पूर्ण
९	प्रज्ञाः एनी बेसेण्ट स्मृति अंक	४८० स्क्रीन	४८०४२	पूर्ण
	कुल शब्दों की संख्या	२६३६४०		

तृतीय चरण (१अप्रैल २००४ से अब तक)



महामनाः संक्षिप्त जीवन परिचय -



आधुनिक भारत में प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा-नीति के जनक, एशिया महादेश के विशालतम् विद्याकेन्द्र काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं आर्दा कुलपति, शिक्षा द्वारा दे में कृषिक, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक क्रान्ति का सूत्रपात करने वाले युग के महानतम् शिक्षाविद्, प्रान्तीय असेम्बली एवं केन्द्रीय कौंसिल में लगातार ३० वर्षों तक जनता की आवाज को बुलन्द करने वाले भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, स्वतंत्रता संग्राम को गति एवं परिणति देने वाले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पितामह, भारतीय सांस्कृतिक नव-जागरण और स्वदेशी एवं हिन्दी आन्दोलनों के अग्रवर्ती प्रवर्तक, मन्त्रदीक्षा के अभिनव क्रान्तिकारी प्रयोग द्वारा लाखों अछूतों को विधर्मी बनने से बचाने तथा उन्हें शैक्षणिक व सामाजिक विकास की मुख्य धारा से जोड़ने वाले महान् समाज-सुधारक, हिन्दुत्व के उत्थान और हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले राष्ट्रवादी देशभक्त, चौरीचौरा काण्ड के १५६ अभियुक्तों को फांसी की सजा से मुक्त कराने वाले प्रभावाली अधिवक्ता, पत्रकारिता क्षेत्र में नवीन एवं मौलिक सिद्धान्तों के प्रणेता चिन्तक पत्रकार, सिल्वर टंग ओरेटर' के रूप में विख्यात हानतम् वाग्मी, शिक्षा जगत के महानतम् फकीर 'प्रिंस ऑफ बेगर्स' और राष्ट्रीय नव-जागरण एवं नव-निर्माण के आधुनिक काल-खण्ड में लगभग ६० वर्षों के जीवित इतिहास माने जाने वाले युगद्रष्टा ऋषि, समन्वयवादी विचारक एवं मानवतावादी धर्म-प्रवक्ता महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी ने सदियों की गुलामी और शोषण से जर्जर भारत की काया में पुनः नयी चेतना व उर्जा का संचार कर उसे साहस, शौर्य एवं स्वाभिमान के साथ जीने योग्य बनाने में जिस अनथक एवं समर्पित भाव से लगातार ७० वर्षों तक त्याग एवं संघर्ष किया वह आधुनिक भारत के इतिहास (एनल्स) में एक अद्वितीय मिसाल है। महामना का व्यक्तित्व बहुआयामी था, उनके कार्य बहुरूप एवं देशव्यापी थे, जिन्हें थोड़े शब्दों में बता पाना संभव नहीं, यहाँ उनके सिर्फ कुछ प्रमुख कार्य-अवदानों पर प्रकाश डाला जा रहा है।

उपरोक्त विषय वस्तु का XML संस्करण केन्द्र की वेबसाइट (www.abhyuday.org) पर उपलब्ध है।

द्वितीय चरण (१अप्रैल २००३ से ३१ मार्च २००४ तक)

काशी की विभूतियाँ -

काशी विश्व की प्राचीनतम् नगरी है। पुराणों के अनुसार यह पवित्र नगरी भगवान शिव के त्रिशूल पर स्थित है। काशी संपूर्ण

विश्व में अपनी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के लिए सुविख्यात है। कई महान संतों एवं महापुरुष यहाँ जन्म लिए एवं इसे अपनी कर्मस्थली बनाया। इन महापुरुषों ने पूरी मानव सभ्यता के उत्थान के लिए अपना योगदान किया एवं इनकी अमूल्य शिक्षाएं आज के मानव समाज के कल्याण के लिए प्रासंगिक है।

इन्हीं महापुरुषों की जीवन गाथा एवं उनके योगदान से जनसमाज को परिचित कराने हेतु केन्द्र द्वारा काशी की विभूतियाँ नामक सी.डी./वेबसाइट का निर्माण किया गया है। इसके अन्तर्गत काशी से जुड़े सन्तों एवं महापुरुषों जैसे महर्षि अगस्त्य, महर्षि वेदव्यास, आचार्य धनवन्तरी, पतञ्जलि, स्वामी रामानन्दाचार्य, कबीर, गौतम बुद्ध, पार्श्वनाथ, रैदास, शंकराचार्य, वल्लभाचार्य, कीनाराम, पाणिनी, तुलसीदास एवं रानी लक्ष्मीबाई के संक्षिप्त परिचय एवं योगदान का समावेश किया गया है।

उपरोक्त विषय वस्तु का XML संस्करण केन्द्र की वेबसाइट (www.abhyuday.org) पर उपलब्ध है।

प्रकृति की एक अनमोल निधि : नीम

नीम भूमि को उर्वर बनाने, मिट्टी के क्षरण को रोकने, कीट को नष्ट करने, पर्यावरण सुधार, मिट्टी की अम्लीयता को नष्ट कर उपजाऊ बनावे, बंजर परती भूमि विकास, औषधीय उपचार, असंघटित अर्धसंरचना के पुनर्वास, उसर भूमि विकास, कृत्रिम रसायनों, कीटनााकों के उपयोग में कटौत, आर्थिक स्रोत एवं रोजगार वृद्धि में सहायक और सहज सुलभ है।

लोक-अनुभवों और प्रयोगाालायी खोजों से भी यह बात अब पूरी तरह स्पष्ट हो चुकी है कि नीम वृक्ष धरती पर परिस्थितिकीय संतुलन और जीवन-सुरक्षा के लिए प्रकृति का एक जरूरी एवं अनुपम उपहार है। इसके प्रत्येक भाग में एक साथ ऐसे अनेक गुण

मौजूद हैं, जो अन्य किसी भी वृक्ष या पौधे में नहीं पाये जाते। यह अकेला वृक्ष मानव जीवन, उसके परिवेश तथा जीवन के आधारभूत संसाधनों - मिट्‌टी, जल, वायु, कृषि-फसल, वनस्पति जगत्, पशु-पक्षी आदि सभी को निरोगता, शुद्धता एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए पर्याप्त है।

नीम का कीटनाशी, उर्वरक एवं औषधीय उपयोग तो है ही, यह विभिन्न प्रकार के प्रशाधनों के निर्माण एवं पर्यावरण संरक्षण में भी काफी उपयोगी है। भारत में सदियों से नीम का विभिन्न रूपों में उपयोग होता रहा है, लेकिन विगत दो-तीन दाको में लगभग पूरी दुनियाँ में उसका जिस तेजी से और बड़े पैमाने पर व्यावसायीकरण हुआ है। उतना पहले कभी नहीं हुआ था। पर विडम्बना यह है कि नीम के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति एवं कड़ी व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा में आ जाने के बावजूद भारत के आम लोगों में नीम के गुण व उपयोग के विषय में आज भी न तो पर्याप्त व्यवसायिक जानकारी है और न जागरूकता। इस नीम वृक्ष को व्यापक वानकीकरण से न सिर्फ लाखों हेक्टयर बंजर पड़ी भूमि को उपजाऊ बनाया जा सकता है, बल्कि इसके आधार पर अनेक लघु एवं कुटीर उद्योगों के संस्थापन के साथ लाखों लोगों को रोजगार भी मिल सकता है। नीम के उत्पादों से प्रकृति एवं पर्यावरण की भी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

उपरोक्त विषय वस्तु का XML संस्करण केन्द्र की वेबसाइट (www.abhyuday.org) पर उपलब्ध है।

तन्त्र - एक परिचय -

'धाम्ना स्वेन सदा निरस्तकुहकं सत्यं परं धीमहि'

(जो अपने तेज से अज्ञान रूपी अन्धकार को सदा दूर करता है हम उस परम सत्य का ध्यान करते हैं)

आज का युग भौतिकता का है। हम पश्चिमी व्यवसायवाद की दानवीय मानसिकता का शिकार हो रहे हैं। प्रकृति का सन्दोहन कर मानव शारीरिक सुख सुविधा का साधन संग्रह करने में दिनरात लगा हुआ है। बाहरी चमक दमक की प्रतिस्पर्धा से अभिभूत मनुष्य की आध्यात्मिक चेतना बौनी पड़ गयी है। मानव शत प्रतिशत बहिर्मुख हो चला है। किन्तु आज के ही युग में एक वर्ग ऐसा भी है जो इस झूठी आपातरमणीय मोहकता से ऊब कर आध्यात्मिकता की शीतल छाया तले जाने को उत्सुक तथा आतुर है। स्वामी विवेकानन्द, आचार्य रजनीश, महेश योगी तथा अन्य अनेक महापुरुषों के महान् एवं परम उदात्त व्यक्तित्व की शीतल छाया के नीचे लाखों-लाखों विदेशियों का आना और शान्तिलाभ करना इसी आतुरता का परिणाम है। यह भी अनिवार्य और अकाट सत्य है कि मानव के चारों ओर पचिमी सभ्यता का जाल जैसे-जैसे कसता जायगा उस जाल से मुक्ति चाहने वालों के लिए तन्तरविद्या या अध्यात्मशास्त्र का महत्त्व और आकर्षण वैसे-वैसे बढ़ता जायगा। इसी बात को ध्यान में रखकर तन्त्रविद्या की ज्ञानधारा को सामान्य लोगों तक पहुँचाने के लिए यह लघु प्रयास किया जा रहा है।

उपरोक्त विषय वस्तु का XML संस्करण केन्द्र की वेबसाइट (www.abhyuday.org) पर उपलब्ध है।

नागरी प्रचारिणी सभा -

नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी की एक प्राचीन संस्था है जिसकी स्थापना १८ जुलाई १८९३ को प्रख्यात् शिक्षाविद् एवं साहित्यकार

बाबू यामसुन्दर दास, पं० रामनारायण मिश्र एवं श्री शिवकुमार सिंह द्वारा सम्मिलित रूप से की गयी। इस संस्था की स्थापना का उद्देश्य राष्ट्रिय स्तर पर हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं देवनागरी लिपि के उत्थान हेतु सात्त प्रयास करना था। अपनी स्थापना से लेकर अब तक नागरी प्रचारिणी सभा ने हिन्दी भाषा एवं साहित्य के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान किया है।

इस वेबसाइट के माध्यम से केन्द्र नागरी प्रचारिणी सभा से जुड़ी सूचनाओं जैसे इसकी स्थापना, योगदान, भविष्यगत योजनाएं, प्रकाशन एवं सभा के बारे में महत्वपूर्ण व्यक्तियों के विचारों को रेखांकित करता है।

उपरोक्त विषय वस्तु का XML संस्करण केन्द्र की वेबसाइट (www.abhyuday.org) पर उपलब्ध है।

सुहृल्लेख-

आचार्य नागार्जुन कृत सुहृल्लेख एक लघु एवं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। आचार्य ने अपने अनन्यतम मित्र शातवाहन राजा गौतमीपुत्र को

बौद्धधर्म की शिक्षा देने के लिए पत्र के रूप में इस ग्रन्थ की रचना की। इस छोटे से सरल एवं गम्भीर ग्रन्थ में १२३ लोक हैं, जो आर्यागीत छन्द में पद्यबद्ध हैं। दुर्भाग्य से इसका संस्कृत मूल प्राप्त नहीं है, किन्तु ग्रन्थ का तिब्बती अनुवाद तनग्युर संग्रह में उपलब्ध होता है। इस लघु ग्रन्थ की विशेषता है कि यह समस्त बौद्धधर्म के मूल सिद्धान्तों का संक्षेप में वर्णन करता है। विशेषकर एक गृहस्थ किस प्रकार अपने सांसारिक जीवन में बौद्ध क्षिाओं का युगपद् क्रियान्वयन कर सकता है, इसका आचार्य ने प्रज्ञा एवं उपाय दोनों पक्षों को अपनाते हुए सरल एवं सुगम तरीके से प्रतिपादन किया है।

यह ग्रन्थ तिब्बत में काफी लोकप्रिय रहा। अनेकों भोट आचार्यों ने इस पर टीका-टिप्पणियाँ लिखी हैं। प्रस्तुत टीका भी भोट आचार्य एवं साक्य सम्प्रदाय के विद्वान् रेनदावा की रचना है, जो स्पष्ट एवं सरल होने से काफी लोकप्रिय एवं प्रसिद्ध है। इस सुहृल्लेख ग्रन्थ का नुवाद अनेकों विदेशी भाषाओं में किया जा चुका है।

यह प्रयास "बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय" उद्देय को चरितार्थ करेगा और जिज्ञासुओं को बौद्धधर्म के मूलभूत सिद्धान्तों की सही जानकारी देते हुए गृहस्थ जीवन को उपयोगी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

उपरोक्त विषय वस्तु का XML संस्करण केन्द्र की वेबसाइट (www.abhyuday.org) पर उपलब्ध है।

भोजपुरी लोक-साहित्य एवं संस्कृति-

प्रस्तुत डिजिटाइज्ड ग्रन्थ 'भोजपुरी लोक-साहित्य एवं संस्कृति' में भोजपुरी भाषा-भाषी प्रदे के उपरोक्त सभी सांस्कृतिक तत्वों पर कहावतों, मुहावरों, पहेलियों, बच्चों के खेल-गीत, लोकोक्तियों, लोकगीतों, ठेठ ग्रामीण शब्दों आदि के माध्यम से प्रकाश पड़ा है। इसमें ग्रामीणजनों की भाषा-बोली को ज्यों का त्यों प्रस्तुत किया गया है। इस संकलन में ऐसे शब्द भी मिलेंगे, जिन्हें शिक्षित लोग अप-शब्दों की श्रेणी में रखते हैं, किन्तु ग्रामीण जीवन में जो कुछ वास्तविक एवं यथार्थ है, चाहे वह सभ्यता की श्रेणी में हो अथवा असभ्यता की श्रेणी में, उनपर इन संकलनों के माध्यम से एक जरूरी प्रकाश पड़ा है। इसके बिना ग्रामीण जीवन की पूरी तस्वीर सामने नहीं आ सकती।

लोक साहित्य एवं लोक कलाएँ एक तरफ लोक संस्कृति के वाहक हैं, तो दूसरी ओर शिष्ट साहित्य की जन्मदात्री भी, अतः इसकी सुरक्षा होनी ही चाहिए। लेकिन आज भारत में बढ़ते औद्योगीकरण की उफान, पाचात्य प्रभाव एवं समय तथा दूरी पर विज्ञान की विजय तथा दूरस्थ जगहों पर आने-जाने व बस जाने के कारण प्राचीन भारतीय संस्कृति का लोक प्रचलित प्रवाह काफी कुछ बाधित भी होता जा रहा है, और इस धारा की मौलिकता के विनष्ट होने का खतरा गंभीर रूप से उपस्थित है। यह लोक साहित्य पूर्णतया प्रत्यक्ष एवं मौखिक है, इसके वाहकों का अवसान होना इस संस्कृति के एक हिस्से का अवसान होना है, अतः आधुनिकता से आहत इस लोक-साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण का कार्य तेजी से करने की आवयकता है। भोजपुरी में मौखिक लोक साहित्य के संग्रह एवं ोध के कार्य यद्यपि बहुत हुए हैं, फिर भी इस दिशा में कार्य की अभी व्यापक संभावनाएँ मौजूद हैं।

यह ग्रंथ हमारी लोक-संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन में सहायक तथा इसमें रुचि रखने वाले अध्येताओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, ऐसा विश्वास है।

उपरोक्त विषय वस्तु का XML संस्करण केन्द्र की वेबसाइट (www.abhyuday.org) पर उपलब्ध है।

संतुलित आहार एवं पोषण -

आहार जीवन की प्राथमिक आवयकता है। हमारे दे में कुपोषण और मृत्युदर अधिक होने का एक विशेष कारण पोषण के -ज्ञान का अभाव

है। हमें ऐसा भोजन या आहार लेना चाहिए जिसमें सभी पोषक तत्व उचित मात्रा में उपलब्ध हों। संतुलित आहार प्रत्येक व्यक्ति के लिए सामान्य नहीं हता। प्रत्येक व्यक्ति का आहार उसके कार्य, शारीरिक बनावट और स्थिति के अनुरूप होता है। इस प्रस्तुति द्वारा हिन्दी भाषा में जनसामान्य को संतुलित आहार एवं पोषण से सम्बन्धित जानकारी दी जा रही है। इसके द्वारा उपयोगकर्ता भोजन के पोषक तत्वों और पोषण की जानकारी पराप्त कर सकता है। इसमें दी गई जानकारी और सारणी Indian Council of Medical Research द्वारा अनुमोदित है।

प्रज्ञाः एनी बेसेण्ट स्मृति अंक -



एनी बेसेण्ट उन गिने चुने ब्रिटिश नागरिकों में से हैं जिन्होंने भारतीयों की उन्नति के लिए अथक प्रयास किया एवं इसी हेतु इन्हें अत्यधिक सम्मान प्राप्त हुआ। श्रीमती बेसेण्ट ने अपना सम्पूर्ण जीवन भारत के धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक व्यवस्था को सधारने के लिए अर्पित कर दिया। इसी क्रम में उन्होंने थियोसॉफिकल सोसाइटी की स्थापना की तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षा बनीं। उन्होंने सेण्ट्रल हिन्दू कॉलेज की स्थापना की तथा भारत में स्काउट एवं गाइड आन्दोलन का आयोजन भी किया।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने श्रीमती एनी बेसेण्ट के योगदान को उल्लेखित करने हेतु अपनी पत्रिका प्रज्ञा का एक विशेष अंक उन्हें समर्पित किया है। इस वेबसाइट के माध्यम से प्रज्ञाः एनी बेसेण्ट स्मृति अंक के चुने हुए लेखों को संकलित एवं प्रकाशित किया गया है।

उपरोक्त विषय वस्तु का XML संस्करण केन्द्र की वेबसाइट (www.abhyuday.org) पर उपलब्ध है।

भिक्षुक-सम्राट् महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी -



महामना ने सार्वजनिक कार्यों के लिए गरीब-अमीर देवासियों से किस प्रकार दान एकत्र किया, दान के प्रति उनकी धारणा क्या थी और करोड़ों रुपये एकत्र करके भी स्वयं किस तरह गरीबी का जीवन-यापन किया, वेबसाइट पर दिये गये कुछ घटना प्रसंगों से इन सब विषयों पर स्पष्ट प्रकाश पड़ेगा।

उपरोक्त विषय वस्तु का XML संस्करण केन्द्र की वेबसाइट (www.abhyuday.org) पर उपलब्ध है।

लोकोपयोगी सॉफ्टवेयर

उपचार -

दूर-दराज के क्षेत्रों में प्राथमिक सहायता से सम्बन्धित सूचना इस पोर्टल के माध्यम से पहुँचाई जा रही रही है जिससे ग्रामीण अंचलों के निवासी लाभान्वित होंगे।

उपरोक्त संदर्भ में विस्तार से जानने के लिए कृपया विश्वभारत@tdil अंक अप्रैल २००३ पढ़ें

वाराणसी के मंडी भाव -

इस पोर्टल के द्वारा पूर्वाञ्चल के दूरस्थ क्षेत्रों के किसानों एवं व्यापारियों को विभिन्न खाद्यान्न, तिलहन इत्यादि के दैनिक मंडी भाव से अवगत कराया जा रहा है।

उपरोक्त संदर्भ में विस्तार से जानने के लिए कृपया विश्वभारत@tdil अंक अप्रैल २००३ पढ़ें

प्रतियोगिता प्रशिक्षक -



इण्टरनेट पर उपलब्ध यह ऑनलाइन प्रशिक्षक उन जन सामान्य के लिए उपयोगी है जो प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसके अन्तर्गत विभिन्न विषयों के १९४० प्रश्नों का एक वृहत संग्रह उपलब्ध रहा है एवं नये संस्करण के अन्तर्गत १२०० नये प्रश्नों को सम्मिलित किया गया है। इन प्रश्नों को हल करने एवं मूल्यांकन की व्यवस्था ऑनलाइन है।

उपरोक्त संदर्भ में विस्तार से जानने के लिए कृपया विश्वभारत@tdil अंक अप्रैल २००३ पढ़ें

संतुलित आहार-

हमारे देश में कुपोषण एक आम समस्या है। इस एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के द्वारा उपयोगकर्ता अपने दैनिक आहार का विश्लेषण कर सकता है। वह यह जान सकता है कि जो भोजन वह करता

है संतुलित है या नहीं और इसके द्वारा वह अपनी पोषक तत्वों की आवयकताओं को पूरा करने की जानकारी पराप्त कर सकता है। इसके द्वारा उपयोगकर्ता अपना शारीरिक विवरण जैसे- आयु, वजन, लम्बाई इत्यादि देकर सहज तरीके से अपने संतुलित आहार की सूचना प्राप्त कर सकता है। इसमें दिये हुए व्यंजन के पोषक तत्व और कैलोरी की गणना Indian Council of Medical Research द्वारा अनुमोदित भोजन विनिमय तालिका से की गई है।

फसल सलाहकार-

प्रस्तुत एप्लीकोन सॉफ्टवेयर उ. प्र. के जोन ८ (जिसमें वाराणसी एवं आस-पास के ११ अन्य जिले सम्मिलित हैं) के लिए कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संस्तुत आवयक कृषि आधारित सूचनायें प्रदान करता है। इसके माध्यम से किसान फसल के चुनाव एवं वैज्ञानिक खेती से सम्बनधित मार्गदर्ान सुगमता से प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त इसमें कृषि क्षेत्र में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के योगदान को भी उल्लेखित किया गया है।

कृषक मित्र-

यह एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर किसानों को सब्जियों की उपज एवं सुरक्षा से सम्बन्धित आवयक सूचनायें प्रदान करता है। इसमें विभिन्न प्रकार की सब्जियों,उनके उत्पादन एवं उनमें पाये जाने वाले विभिन्न रोगों एवं उनकी चिकित्सा का विस्तृत वर्णन किया गया है।



उपरोक्त संदर्भ में विस्तार से जानने के लिए कृपया विश्वभारत@tdil अंक अप्रैल २००३ पढें

विज्ञापन प्रबन्धक -

यह एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर नगर निगम, वाराणसी के उपयोग हेतु विकसित किया गया जिसके द्वारा सभी प्रकार की विज्ञापन सामग्री से सम्बन्धित आवश्यक सूचनाओं को संकलित किया गया है। जिसके उपयोग के फलस्वरूप सूचना-संकलन का कार्य अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी हो सकेगा।

वाराणसी एवं आस-पास के मंडी भाव -

यह एप्लीकोन सॉफ्टवेयर किसानों, व्यापारियों एवं सामान्य लोगों के उपयोग हेतु विकसित किया गया है जो वाराणसी एवं आस-पास के मंडियों के भाव सम्बन्धित सूचनाएँ प्रदान करता है। इसमें वाराणसी एवं आस-पास के १९ जिलों के मंडी-भावों को सम्मिलित किया गया है। इसके उपयोग द्वारा विभिन्न वस्तुओं जैसे चावल, दाल, तिलहन इत्यादि के दैनिक, साप्ताहिक भाव एवं तुलनात्मक विश्लेषण से सम्बन्धित सूचनायें सुगमतापूर्वक प्राप्त की जा सकती हैं।

कम्प्यूटर आधारित टूटोरियलः

मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र द्वारा छात्र हितों को ध्यान मे रखते हुए कम्प्यूटर आधारित टूटोरियल की एक श्रृंखला विकसित की जा रही है जिसके अन्तर्गत विभिन्न विषयों जैसे वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान को सम्मिलित किया गया है जिनकी विषय सामग्री माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तावित कक्षा ११ के पाठयक्रम पर आधारित है।



प्रयुक्त तकनीक -

केन्द्र द्वारा विकसित इण्टरनेट आधारित सेवाओं में C-DAC द्वारा विकसित i-Plugin, Gist SDK, ISFOC Script Manager (ISM), ISCII, Fonts, Dynamic Fonts, Unicode Font का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही Open Source Consortium द्वारा उपलब्ध Open Source Technology जैसे- Linux Server, php, mySql Database इत्यादि का प्रयोग किया गया है। इसके अतिरिक्त ग्राफिक्स एवं एनिमेशन हेतु Flash, Adobe का प्रयोग किया गया है।



मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र द्वारा विकसित लोकोपयोगी सॉफ्टवेयर की वर्तमान स्थिति

क्रम संख्या	सॉफ्टवेयर का नाम	कुल फ़ाइलों की संख्या / Line of codes	वर्तमान स्थिति
१	उपचार	२१२ फ़ाइल/८६९० Line of Codes	केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध, चिकित्सा अधीक्षक, सर सुंदर लाल चिकित्सालय, बी.एच.यू. द्वारा प्रमाणित एवं सर सुंदर लाल चिकित्सालय में परिनियोजित
२	वाराणसी के मंडी भाव	४२ फ़ाइल/६४७२ Line of Codes	केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध, मंडी समिति, पहाडिया मंडी द्वारा प्रमाणित एवं मंडी समिति में परिनियोजित
३	प्रतियोगिता प्रशिक्षक	११९ फ़ाइल / १२९८४ Line of Codes	केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध, साइबर कैफे में परिनियोजित
४	संतुलित आहार	३६ फ़ाइल / १९३९ Line of Codes	केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध, परिनियोजन का कार्य प्रगति पर
५	फसल सलाहकार	३२४ फ़ाइल / १६५३९ Line of Codes	केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध, निदेशक, भारतीय कृषि विज्ञान संस्थान, बी.एच.यू. द्वारा प्रमाणित
६	कृषक मित्र	३२२ फ़ाइल	निदेशक,भारतीय कृषि विज्ञान संस्थान, बी.एच.यू. द्वारा प्रमाणित, डेस्कटाप संस्करण सी.डी. पर उपलब्ध
७	विज्ञापन प्रबन्धक	१९३ फ़ाइल / १४४५४ Line of Codes	केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध, नगर आयुक्त द्वारा प्रमाणित एवं नगर निगम कार्यालय वाराणसी में परिनियोजित
८	वाराणसी एवं आस-पास के मंडी भाव	४७ फ़ाइल / ६७४७ Line of Codes	केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध, मंडी समिति, पहाडिया मंडी द्वारा प्रमाणित एवं मंडी समिति में परिनियोजित
९	कम्प्यूटर आधारित टूटोरियल- वनस्पति विज्ञान	१९७ फ़ाइल/२२८९५ Line of Codes	केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध, परिनियोजन का कार्य प्रगति पर

प्रशिक्षण कार्यक्रम

सूचना प्रौद्योगिकी को अल्पविकसित क्षेत्रों के जन सामान्य तक पहुँचाने हेतु केन्द्र द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं जिनके अन्तर्गत ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों में जाकर कम्प्यूटर की शिक्षा देना, विद्यालयों के अध्यापकों को कम्प्यूटर प्रशिषण देना, राजकीय कर्मचारियों जैसे- उ.प्र. पुलिस के पुरुष एवं महिला कर्मचारियों को कम्प्यूटर द्वारा कार्यालय प्रबन्धन का प्रशिक्षण सम्मिलित है। इसके अलावा केन्द्र बेरोजगार स्नातकों, आर्थिक रूप से अक्षम व्यक्तियों एवं स्थानीय औद्योगिक कर्मचारियों के लिए भी ए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

- स्मार्ट पाठशाला - वाराणसी जनपद के २३ ग्रामीण सरकारी स्कूलों में केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें २० स्कूलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुका है। शेष ३ स्कूलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्मार्ट पाठशाला

मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र द्वारा संचालित स्मार्ट पाठशालाएं

क्रम संख्या	स्मार्ट पाठशाला	विद्यार्थियों के संख्या
सम्पन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम		
१	श्री के.डी. इन्टर कालेज, बाबतपुर	९९०
२	श्री खड़ेश्वरी बाबा इन्टर कालेज, चिरईगाँव	६५०
३	हाथी बरनी इन्टर कालेज, हाथी बाजार, सेवापुरी	३१९
४	लाल बहादुर शिक्षण संस्थान, नरियाँ	२१०
५	प्रभु नारायन राजकीय इन्टर कालेज, रामनगर	३३२
६	कर्दमेश्वर महादेव इन्टर कालेज, (दक्षिणी) कन्दवा	१२८
७	कर्दमेश्वर महादेव इन्टर कालेज, (पूर्वी) कन्दवा	६७
८	महामना मालवीय इन्टर कालेज, बच्छांव	२८५
९	राजकीय कन्या विद्यालय, टिकरी	१२०
१०	राधा किशोरी इन्टर कालेज, रामनगर	३०२
११	श्री गांधी इन्टर कालेज, गौराकलां	३३५
१२	बरियासनपुर इन्टर कालेज, बरियासनपुर	१२८
१३	सुभाष इन्टर कालेज, चोलापुर	५६
१४	श्री लक्ष्मी शंकर इन्टर कालेज, रजवाड़ी	४३७
१५	काशी कृषक इन्टर कालेज, हरहुआं	१७३
१६	विरापट्टी इन्टर कालेज, विरापट्टी	६५०
१७	गंगापुर इन्टर कालेज, गंगापुर	७०
१८	भैरवनाथ इन्टर कालेज, गंगापुर	१०५
१९	सुभद्रा कुमार इन्टर कालेज, बसनी	३५०
२०	कमला बालिका इन्टर कालेज, बसनी	९०
जारी प्रक्षिण कार्यक्रम		
२१	महामना मदन मोहन इंटर कालेज, वाराणसी	९२५
२२	मालवीय शिक्षा निकेतन, वाराणसी	१२६
२३	लाल बहादुर शिक्षण संस्थान, वाराणसी	२५४

उपरोक्त संदर्भ में विस्तार से जानने के लिए कृपया विश्वभारत@tdil अंक अप्रैल २००३ पढें

- **अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम-**

ग्रामीण अंचल में स्थित राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों हेतु यह प्रशिक्षण शिविर कायल नेट बी. एच.यू. द्वारा आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित पाठक्रम का सैद्वान्तिक तथा प्रायोगिक प्रशिक्षण देना हैं जिससे शिक्षकगण अपने विद्यालयों में कम्पूयटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी के पाठक्रमों का संचालन सुचारू रूप सें कर सके। कायल नेट बी .एच.यू.द्वारा स्मार्ट स्कूल योजना को स्थायी (Self sustained) बनाने में यह महत्वपूर्ण चरण है।

उपरोक्त संदर्भ में विस्तार से जानने के लिए कृपया विश्वभारत@tdil अंक अप्रैल २००३ पढें

- **पुलिसकर्मी प्रशिक्षण कार्यक्रम-**

केन्द्र द्वारा महिला एवं पुरूष पुलिस कर्मियों हेतु तीन चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उपरोक्त संदर्भ में विस्तार से जानने के लिए कृपया विश्वभारत@tdil अंक अप्रैल २००३ पढे

मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कार्यशालाएँ

क्रम संख्या	प्रशिक्षण कार्यक्रम	अवधि	प्रशिक्षार्थियों की संख्या
१	प्रथम अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम	१८.०२.०३ -०७.०३.०३	१५
२	पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम-प्रथम बैच	२१.०३.०३ - ०७.०४.०३	१४
३	पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम-द्वितीय बैच	०९.०४.०३ - २९.०४.०३	१४
४	पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम-तृतीय बैच	०१.०५.०३ - १९.०५.०३	१३
५	केन्द्रीय कार्यालय,बी.एच.यू. के कर्मचारियों हेतु- प्रथम बैच	०९.०६.०३ - २६.०६.०३	१५
६	आई.टी. क्लीनिक	०५.०८.०३ - ०९.०८.०३	३०
७	केन्द्रीय कार्यालय,बी.एच.यू. के कर्मचारियों हेतु -द्वितीय बैच	२०.०८.०३ - ०५.०९.०३	१५
८	ज्ञानोद्योग कार्यशाला (महिलाओं हेतु)	२८.१०.०३ - ०१.११.०३	३१
९	अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम-द्वितीय बैच	०६.०१.०४ च २३.०१.०४	२२
१०	किसान-कार्यशाला	२१ फरवरी २००४	३९
११	प्रतिभाशाली छात्रों हेतु ज्ञानोद्योग	११.०५.०४ -२७.०५.०४	४०
१२	तृतीय ज्ञानोद्योग कार्यशाला : राजकीय महिला पालिटेक्निक की छात्राओं हेतु	२३.०८.०४- १५.०९.०४	२५
१३	चतुर्थ ज्ञानोद्योग कार्यशाला : राजकीय महिला पालिटेक्निक की छात्राओं हेतु	२७.०९.०४-१६.१०.०४	१९

मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र एवं लघु उद्योग सेवा संस्थान द्वारा आयोजित

सूचना प्रौद्योगिकी समाधान शिविर (I.T. Clinic)

पूर्वाञ्चल के लघु उद्योग प्रतिष्ठानों हेतु पाँच दिवसीय आई.टी. क्लीनिक (सूचना प्रौद्योगिकी समाधान शिविर) का आयोजन मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, संगणक अभियान्त्रिकी विभाग, प्रौद्योगिकी संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविदयालय एवं लघु उद्योग सेवा संस्थान वाराणसी, भारत सरकार, लघु उद्योग मंत्रालय के संयुक्त तत्त्वाधान में किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक ०५ अगस्त से ०९ अगस्त, २००३ तक चला।

इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देय लघु उद्योगों के दक्षतापूर्वक संचालन हेतु सूचना प्रौद्योगिकी की उपयोगिता पर प्रकाश डालना था। लघु उद्योग/प्रतिष्ठान के संचालन में आने वाली तीनों प्रक्रियाओं, इनपुट, प्रोसेसिङ्ग एवं मार्केटिङ्ग में कम्प्यूटर द्वारा गति एवं दकषता बढ़ाने की असीम संभावनाएं हैं। उदाहरण के लिए कच्चे माल की जानकरी एवं दरों का डेटाबेस मार्केटिङ्ग में इन्टरनेट द्वारा कम लागत में उत्पाद की सूचना जनता तक पहुंचाना तथा उद्योग के संचालन की मॉनिटरिंग इत्यादि शामिल है। बड़े उद्योगों में उत्पादकता बढ़ाने के एलिए कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी का उपयोग बड़े पैमाने पर हो रहा है, किन्तु कम्प्यूटरीकरण के वही लाभ कम लागत पर लघु उद्योगों हेतु प्राप्त कराना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। इसके अन्तर्गत पी.सी. द्वारा आय-व्यय का लेखा-जोखा (एकाउंटिंग), कर्मचारियों के वेतन का रिकारड, इन्वेन्टरी मैनेजमेन्ट के विषय में विशेष व्यवहारिक ज्ञान हिन्दी में प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों द्वारा उठायी गयी शंकाओ का समाधान आई.टी. क्लीनिक में किया गया।

उक्त उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु साफ्टवेयर पैकेजेज जैसे स्प्रेडीट, डेटाबेस, वर्ड प्रोसेसर एवं इन्टरनेट आधारित साफ्टवेयर के प्रशिक्षण का प्रावधान है। इसमें हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर की न्यूनतम जानकारी देने के पश्चात प्रतिभागियों का अधिकांश समय कम्प्यूटर पर एप्रायोगिक अभ्यास (प्रैक्टिकल्स) एवं उनके अपने उद्योग से सम्बन्धित प्रोजेक्ट बनाने में लगा।

इस आई.टी. क्लीनिक में भाग लेने हेतु पूर्वांचल के लघु उद्योग बहुत उत्साहित हैं। प्रथम चरण में तीस उद्यमी क्लीनिक में भाग लिया। इनमें प्रमुख थें -

बनारस बीड्स, शाह माशीन टूल्स, पवन उद्योग, आाशीष इंटरप्राइजेज, देवा मेटल पाउडर्स, शिवम् इंजिनियरिंग इन्डस्ट्री, ओम ज्वेलरी, मारूती इंजिनियरिंग वर्क्स, जौहरी प्रिन्टर्स, भारती इलेक्ट्रीको, अरूण ग्लास वर्क्स, बनारस इंजिनियरिंग कम्पनी, मेट्रो इंजिनियरिंग वर्क्स, एग्लोब कान्फेक्नरी इत्यादि।

मापन समारोह में मुख्य अतिथि डा.ओम विकास, वरिष्ठ निदोक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सहारा समय नें भी कवर किया। धन्यवाद ज्ञापन केन्द्र के मुख्य अन्वेषक प्रो.के.के.शुक्ल ने किया।

'कृषक जागरूकता कार्यक्रम" कम्प्यूटर ज्ञान-सम्पदा का लौकिकीकरणः एक झलक एवं

स्थानीय किसान-कार्यशाला

मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र (कॉयल-नेट, बी.एच.यू.) संगणक अभियान्त्रिकी विभाग, प्रौद्योगिकी संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा स्थानीय भाषा हिन्दी में कम्प्यूटर साफ्टवेयर के परिनियोजन एवं लोकार्पण हेतु एक दिवसीय "किसान-कार्यशाला" का योजन दिनांक २१ फरवरी सन् २००४ दिन शनिवार को किया गया।

उक्त कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य स्थानीय किसान बन्धुओं को उक्त हिन्दी साफ्टवेयर वाराणसी के मंडी भाव' की उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान करना था। इस हिन्दी साफ्टवेयर के प्रयोग द्वारा किसानों को वाराणसी मंडी के दैनिक एवं साप्ताहिक दरों का ज्ञान किसी विचौलिये के बगैर भी सुलभ हो जायेगा।

चूँकि इस साफ्टवेयर द्वारा मंडी भावों के पिछले आँकड़े भी आसानी से देखे जा सकेंगे, अतः किसान इनके आधार पर आसानी से अपने-अपने उपयुक्त मंडी का चयन कर सकेंगे।

इस कार्याला में ठवाराणसी के मंडी भाव' साफ्टवेयर के लोकार्पण के साथ ही साथ कम्प्यूटर प्रयोगशाला में इसका विधिवत संचालन कर दिखाया गया। इस कार्यशाला में कृषि विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. ओ. पी. श्रीवास्तव, सहायक कृषि विपणन सलाहकार श्री योगेन्द्र कुमार पाण्डेय, डा. रमशे चन्द्र, डा. ए. के. जोशी एवं अन्य विद्वानों के द्वारा भी किसानों के कृषि-कार्य एवं उनके उत्पादन, विपणन के उज्ज्वल भविष्य हेतु विशेष चर्चा की गयी।

प्रथम ज्ञानोद्योग कार्यशाला (महिलाओं हेतु)

पूर्वाञ्चल की महिलाओं हेतु पाँच दिवसीय ज्ञानोद्योग-कार्यशाला का आयोजन मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, संगणक अभियान्त्रिकी विभाग, प्रौद्योगिकी संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं लघु उद्योग सेवा संस्थान (शाखा) वाराणसी, भारत सरकार, लघु उद्योग मंत्रालय के संयुक्त तत्त्वाधान में किया गया। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं को आवयक तकनीकी ज्ञान एवं ज्ञान आधारित उद्योगों का प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से तीस शिक्षित महिलाओं के समूह को चयनित किया गय है। लोक भाषा में कम्प्यूटर के प्रयोग से स्वरोजगार की नयी संभावनाओं को बढ़ावा देना इसका मुख्य लक्ष्य है। इस कार्यशाला में प्रशिक्षार्थिनियों को निजी उद्योग हेतु प्रेरित करना था।

देश की लगभग ५० % आबादी महिलाओं की है। अतः यह स्पष्ट है कि राष्ट्र की प्रगति में उनका महत्वपूर्ण योगदान संभव है। सूचना प्रौद्योगिकी क्रान्ति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित

करने हेतु यह आवयक है कि उनके लिये विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाए। जञान आधारित उद्योग (ज्ञानोद्योग) सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से महिलाओं के लिए आदर्श कुटीर उद्योग की भूमिका निभा सकते हैं। महिलाओं का एक छोटा समूह (self-help group) स्वल्प लागत में घर में ही कम्प्यूटर लगाकर गृहस्थी की आय बढ़ा सकता है। ज्ञानोद्योग की विशेता यह है कि अन्य उद्योगों की अपेक्षा इसमें न तो अधिक निवेश की आवश्यकता है और न ही कच्चे माल के प्रबन्ध की। कम्प्यूटर के माध्यम से महिलाएँ सहज ही इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, वेब-साइट डिजाइन, निमंत्रण पत्र निर्माण तथा अन्य ग्राफिक्स आधारित कार्य जैसे वस्त्र निर्ाण आदि कर सकती हैं। उक्त प्रशिक्षण के अन्तर्गत कम्प्यूटर का परिचय, शब्द संसाधन, डाटा प्रविष्टि एवं शुद्धिकरण, डिजिटल सामग्री का निर्माण, मल्टीमीडिया एवं एनीमोन, इन्टरनेट, लघु उद्योग/कुटीर उद्योग प्रबन्धन का व्यवहारीक ज्ञान दिया गया।

इस ज्ञानोद्योग कार्यशाला में लघु उद्योग सेवा संस्थान वाराणसी के सहयोग से चयनित महिलाओं को कम्प्यूटर संचालन का प्रशिक्षण हिन्दी में निशुल्क देने का सफलता पूर्वक प्रयास किया गया। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण सम्पन्न करने वाली महिलाओं को लघु उद्योग सेवा संस्थान ऋण एदिलाने का प्रयास करेगा।

प्रतिभााली छात्रों हेतु द्वितीय ज्ञानोद्योग कार्याला

उत्तर प्रदे का पूर्वाञ्चल क्षेत्र आर्थिक एवं औद्योगिक रूप से पिछड़ी हुई स्थिति में है। निम्नआय वर्ग के अभिभावक अपनी संतानों को बहुत कठिनाई से हाईस्कूल अथवा इण्टर तक की शिक्षा दिला पाने में सक्षम होते हैं। अनेक विद्यार्थियों की परिस्थिति इस स्तर की शिक्षा के उपरान्त उच्च शिक्षा प्राप्त करने की नहीं होती यद्यपि इनमें से अनेक प्रतिभाशाली एवं सीखने की प्रवृत्ति रखने वाले होते हैं।

उक्त वर्ग को कम्प्यूटर की सामान्य तकनीकी में प्रशिक्षित कर उन्हें ज्ञान आधारित कुटीर उद्योग लगाकर स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना इस कार्यशाला का उद्देश्य है।

तृतीय ज्ञानोद्योग कार्यशाला : राजकीय महिला पालिटेक्निक की छात्राओं हेतु

चतुर्थ ज्ञानोद्योग कार्यशाला : राजकीय महिला पालिटेक्निक की छात्राओं हेतु

राष्ट्रीय कॉयल - नेट कार्यशाला

एलिटेक्स २००३

श्री राजीव रत्न शाह, सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एलिटेक्स २००३ के अवसर पर केन्द्र द्वारा विकसित सीडीयों (नीतिशतकम्, प्रज्ञा, प्राचीन भारत में भौतिकी) का लोकार्पण दिनांक २८ अप्रैल को किया गया।





एलिटेक्स २००४

श्री एस.एन.पाण्डेय कायल नेट बी.एच.यू द्वारा विकसित उत्पादों की सी.डी को श्री के.के. जसवाल, माननीय सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भेंट करते हुए ।

अन्य गतिविधियाँ

केन्द्र द्वारा विकसित साफ़्टवेयरों का परिनियोजन

उपचार -

- केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध
- चिकित्सा अधीक्षक, सर सुंदर लाल चिकित्सालय, बी.एच.यू. द्वारा प्रमाणित एवं सर सुंदर लाल चिकित्सालय में परिनियोजित

वाराणसी के मंडी भाव -

- केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध
- मंडी समिति, पहाडिया मंडी द्वारा प्रमाणित एवं मंडी समिति में परिनियोजित

प्रतियोगिता प्रशिक्षक -

- केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध
- साइबर कैफे में परिनियोजित

वाराणसी एवं आसपास के मंडी भाव -

- केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध
- मंडी समिति, पहाडिया मंडी द्वारा प्रमाणित एवं मंडी समिति में परिनियोजित

विज्ञापन प्रबंधक-

- केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध
- नगर आयुक्त द्वारा प्रमाणित एवं नगर निगम कार्यालय वाराणसी में परिनियोजित

कृषक मित्र -

- निदोक,भारतीय कृषि विज्ञान संस्थान, बी.एच.यू. द्वारा प्रमाणित

फसल सलाहकार -

- केन्द्र की वेबसाइट www.abhyuday.org पर उपलब्ध
- निदोक, भारतीय कृषि विज्ञान संस्थान, बी.एच.यू. द्वारा प्रमाणित

'वाराणसी के मंडी भाव' का मंडी समिति में परिनियोजन

'विज्ञापन प्रबन्धक' का नगर-निगम, वाराणसी में परिनियोजन


PERT Chart
Completed Activity
Targeted Activity
July 2002 to March 2003
April 2003 to March 2004
April 2004 to March 2005
Activity
First Year
Second Year
Third Year
1st Qrt.
2nd Qrt.
3rd Qrt.
4th Qrt.
1. Training Lab Setup.
2. Manpower appointment.
3. Hardware procurement.
4. Software procurement.
5. Programmers Training at C-DAC authorized center.
C-DAC (Bytes, New Delhi)
C-DAC (IGNCA)
C-DAC (Pune)
6. Software Development, Testing & deployment.
7. Interaction with Resource Persons.
8. Content Digitization.
9. Smart Schools (Direct Delivery to School children-20 Rural Schools covered).
10. I.T. Clinic / Gyanodyog
11. Manpower Training
दिनांक २१ जनवरी २००३ को नई दिल्ली में आयोजित प्रथम समीक्षा मीटिंग
दिनांक ५ -६ मई २००३ को वाराणसी में आयोजित द्वितीय
दिनांक ५ दिसम्बर २००३ को नई दिल्ली में आयोजित तृतीय समीक्षा मीटिंग
दिनांक २२-२३ जनवरी २००४ को वाराणसी में आयोजित चतुर्थ समीक्षा मीटिंग
दिनांक २६-२७ अप्रैल २००४ को इंडिया हैबिटेट सेन्टर, नई दिल्ली में आयोजित एलिटेक्स २००४
दिनांक १०-११ जून २००४ को पुणे में आयोजित समीक्षा मीटिंग
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ (गजी मातत) को ६ वेब आधारित एप्लीकेशन एवं ७ विषय वस्तु सी.डी. का प्रेषण

उपलब्धियाँ

१. मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र की वेबसाइट (www.abhyuday.org) पूर्ण रूप से यूनिकोड पर आधारित है।



२. मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र की वेबसाइट (www.abhyuday.org) को Microsoft Bhasha India द्वारा "Site of the Week" के रूप में सम्मान



३. मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र की वेबसाइट (www.abhyuday.org) एवं इस पर उपलब्ध विषय वस्तुओं (Digitized Contents) को प्रमुख Search Engines जैसे- Google, Altavista, Yahoo इत्यादि द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी में समान रूप से प्रमुखता के साथ Search किया जाना



४. मालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र की वेबसाइट को भारतीय भाषाओं हेतु प्रौद्योगिकी विकास (TDIL) की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर स्थान http://www.abhyuday.org



http://www.abhyuday.org

५. एमालवीय सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र के मुख्य अन्वेषक प्रो. के.के. शुक्ल द्वारा देश भर से आये हुए प्रतिभागियों को 'ग्राम विकास में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषयक संगोष्ठी में महत्वपूर्ण व्याख्यान (Academic Staff College, B.H.U.)

निष्कर्ष-

कॉयल-नेट, बी.एच.यू. के अनुभव के आधार पर हम कह सकते हैं कि लोकोपयोगी सॉफ्टवेयर निर्माण हेतु सॉफ्टवेयर गुणवत्ता की सतत् जाँच (Continuous Software Quality Management) आवयक है। कम अन्तराल के सॉफ्टवेयर चक्र तथा गुणवत्ता सम्बन्धी प्रत्युत्तर (Short Cycle Time Quality Feedback) एइन्टरनेट आधारित सेवाओं के विकास हेतु सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग का उपयुक्त मॉडल है। गुणवत्ता सम्बन्धी प्रत्युत्तर केवल प्रबन्धकों हेतु ही नहीं अपितु प्रोग्रामर तक भी पहुँचना चाहिए जिससे कि सॉफ्टवेयर की गुणवत्ता (Quality) एवं उपयोगिता (Usability) में लगातार सुधार कर सके। कॉयल-नेट, बी.एच.यू. ने इस सॉफ्टवेयर विकास चक्र हेतु आधे दिन की छोटी कार्यशालाओं (उदाहरण-कृषक कार्यशाला, शिक्षक कार्यशाला, ज्ञानोद्योग कार्यशाला आदि) का लगातार थोड़े-थोड़े समय पर आयोजन किया है। इस कार्यशाला से हमें महत्वपूर्ण गणवत्ता तथा उपयोगिता प्रत्युत्तर प्राप्त होते रहे हैं। हमने पाया है कि सरल सॉफ्टवेयर ही सर्वोपयोगी सॉफ्टवेयर है। सतत् प्रत्युत्तर द्वारा प्रोग्रामर्स अपने सॉफ्टवेयर की जटिलता (complexity) नियन्त्रित रख सकते हैं। हमने आज यूजर इन्टरफेस की जटिलता ही नहीं नियन्त्रित की अपितु विकसित सॉफ्टवेयर की वैज्ञानिक जटिलता (Cognitive Complexity) भी नियन्त्रित करने का प्रयास किया है। परिणामतः इस केन्द्र द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर समझने में सरल तथा भविष्य में आसानी से अपग्रेड (Upgrade) अथवा स्थानीय आवश्यकताओं हेतु अनुरूपित (Adapt) किये जा सकते हैं।

कॉयल-नेट कार्यक्रम सफलता इस बात पर निर्भर है कि लोकोपयोगी सॉफ्टवेयर एप्लीकेन का रेप्लीकेन कितने प्रभावी ढंग से हो पाता है। केन्द्र द्वारा विकसित ६ एप्लीकेन सॉफ्टवेयर एवं ७ विषयवस्तु मन्त्रालय के बौद्धिक सम्पदा अधिकार (IPR CELL) को दिनांक ५ अगस्त, २००४ को प्रेषित किये जा चुके हैं। अब यह आवश्यक है कि मन्त्रालय हिन्दीभाषी क्षेत्रों की प्रदेश सरकारों को इनसे अवगत कराये तथा उसके द्वारा पूर्ण हिन्दीभाषी क्षेत्रों में इनका परिनियोजन (Deployment) हो। यह मन्त्रालय से अपेक्षा है कि नोनल इन्फार्मेटिक्स सेन्टर (NIC) हमारे विषयवस्तु एवं एप्लीकेन सॉफ्टवेयर की Hosting की व्यवस्था अतिशीघ्र अपने सर्वर पर करें ताकि सभी के लिए केन्द्र के विषयवस्तु एवं एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर सुलभ रहें।